# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक


RNI: MPHIN/2015/60688

जिलों से संभाग तक का सच

email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-10 | अंक-11 | प्रति मंगलवार, इंदौर, 18 अगस्त 2026 से 24 अगस्त 2026 | | मूल्य- 2 रु. | पृष्ठ- 8


# राकेश राय पर रिश्वत के गंभीर आरोपों वाली शिकायत पर डेढ़ साल से फैसला नहीं..?



राकेश राय

## राकेश राय पर कार्रवाई में इतनी मेहरबानी क्यों..?



खरगोन जनजातीय विभाग में भ्रष्टाचार का 'सुरक्षा कवच'

कौन है जिम्मेदार, किसकी है हिस्सेदारी?

जानकारी 'गायब' और अपील 'खारिज'

खरगोन कलेक्ट्रेट या 'भ्रष्टाचार का सुरक्षित अड्डा'?

5 प्रतिशत की डिमांड करता अधिकारी इंजीनियर

संभाग पोस्ट विगत कई अंकों में लगातार इस गंभीर मामले को प्रकाशित करता आ रहा है।




## अंतिम निराकरण में हो रही देरी के बीच अब EOW तक पहुंचा मामला!

SPECIALREPORT

नवीन गलकर

**खरगोन। आदिवासी कार्य विभाग में कथित 5 प्रतिशत रिश्वत मांगने के गंभीर आरोपों से जुड़ी शिकायत अब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ तक पहुंच चुकी है, लेकिन खरगोन प्रशासन की कार्रवाई की रफ्तार देखकर सवाल उठना लाजिमी है। 30 दिसंबर 2024 को शिकायत, 29 अगस्त 2025 को संबंधित अधिकारी का बयान और 3 जुलाई 2026 तक भी अंतिम निराकरण नहीं। आखिर ऐसा क्या है कि एक गंभीर शिकायत पर फैसला लेने में प्रशासन को डेढ़ साल से अधिक का समय लग रहा है?**

मामला आदिवासी कार्य विभाग के उपयंत्री राकेश कुमार राय से जुड़ा है। ठेकेदार द्वारा कलेक्टर को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि विभागीय निर्माण एवं रिपेयरिंग कार्यों के भुगतान के दौरान कथित रूप से 5 प्रतिशत रिश्वत की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने भुगतान के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने, मानसिक रूप से परेशान किए जाने और कथित रिश्वत मांग से संबंधित वीडियो उपलब्ध होने की बात भी कही थी। मामला गंभीर था, इसलिए उम्मीद थी कि प्रशासन शिकायत मिलते ही तुरंत निष्पक्ष जांच कराएगा, संबंधित रिकॉर्ड खंगालेगा, भुगतान प्रक्रिया की जांच होगी और उपलब्ध वीडियो साक्ष्य की सत्यता परखी जाएगी। लेकिन यहां कहानी कुछ अलग ही नजर आ रही है। जिस मामले में शिकायतकर्ता ने सीधे रिश्वत मांगने का आरोप लगाया, उसमें प्रशासनिक फाइल की रफ्तार ऐसी रही कि डेढ़ साल से ज्यादा समय बीत गया, लेकिन अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचना अभी भी बाकी है। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी में 3 जुलाई 2026 तक शिकायत का अंतिम निराकरण शेष बताया गया है। उपयंत्री राकेश राय ने 29 अगस्त 2025 को दिए अपने कथन में रिश्वत या 5 प्रतिशत राशि मांगने के आरोपों से इनकार किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मूल्यांकन, माप-पुस्तिका और भुगतान प्रक्रिया से संबंधित अपना पक्ष भी रखा। अधिकारी का पक्ष सामने आ चुका है। शिकायतकर्ता का आरोप भी रिकॉर्ड पर है। कथित वीडियो का उल्लेख भी शिकायत में है। फिर सवाल यह है कि जांच के नाम पर आखिर किस चीज का इंतजार किया जा रहा है? यदि आरोप निराधार हैं तो प्रशासन जांच पूरी करके अधिकारी को क्लीन चिट देने में इतनी देर क्यों कर रहा है? और यदि आरोपों में गंभीरता है तो कार्रवाई में इतनी देरी क्यों?

क्या यह मामला केवल राकेश राय तक सीमित है या इसके पीछे भुगतान और कमीशन की कोई बड़ी व्यवस्था भी हो सकती है? सबसे बड़ा सवाल अब यही है, यदि किसी अधिकारी पर 5 प्रतिशत रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया है तो स्वाभाविक रूप से यह भी जांच का विषय होना चाहिए कि कथित राशि केवल किसी एक व्यक्ति के स्तर पर मांगी जा रही थी या इसके पीछे कोई और व्यवस्था थी। क्या रिश्वत की कथित रकम का कोई हिस्सा ऊपर तक पहुंचता था। इसी सवाल का जवाब सामने आने के डर से जांच धीमी पड़ रही है? क्या राकेश राय पर कार्रवाई होने की स्थिति में विभाग के अन्य अधिकारियों या जिम्मेदार लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। यही वजह है कि मामले को अंतिम निर्णय तक पहुंचाने में असामान्य रूप से लंबा समय लग रहा है? इन सवालों का जवाब प्रशासन को देना चाहिए। जिस तरह शिकायत लंबे समय से लंबित है, उससे इन सवालों को पूरी तरह नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। यदि प्रशासन का दावा है कि जांच निष्पक्ष है, तो फिर जांच की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक क्यों नहीं की जाती? कथित वीडियो की जांच हुई या नहीं? भुगतान से संबंधित दस्तावेजों की जांच हुई या नहीं? माप-पुस्तिका और मूल्यांकन रिकॉर्ड की स्वतंत्र जांच हुई या नहीं? शिकायतकर्ता के आरोपों और अधिकारी के बयान में से कौन-सा पक्ष रिकॉर्ड से पुष्ट होता है? और सबसे महत्वपूर्ण—अंतिम निर्णय की समय-सीमा क्या है? क्या खरगोन प्रशासन की जांच व्यवस्था इतनी धीमी है कि रिश्वत की शिकायत पर भी डेढ़ साल में निर्णय नहीं हो पाता? या फिर मामला इतना संवेदनशील है कि एक अधिकारी पर कार्रवाई होते ही विभाग के दूसरे जिम्मेदार लोगों तक जांच की आंच पहुंचने की आशंका है? क्या इसी कारण फाइल आगे बढ़ने के बजाय इंतजार करती रही है? इन सवालों का जवाब अब प्रशासन को देना होगा। क्योंकि मामला अब केवल एक ठेकेदार की शिकायत या एक अधिकारी पर लगे आरोप तक सीमित नहीं रहा। यह सवाल अब प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के निपटारे की गति पर भी है। आरोप सिद्ध होना अभी बाकी है, लेकिन शिकायत के अंतिम निराकरण में हो रही देरी पर उठ रहे सवालों का जवाब देना प्रशासन की जिम्मेदारी जरूर है।

(शेष पृष्ठ 2 पर)

## रिश्वत लेना अपराध नहीं सरकारी व्यवहार है?

## सुविचार

'शांत रहकर परिस्थितियों को समझना सीखो, क्योंकि हर कोई आपके जवाब के लायक नहीं होता।'


## संपादकीय

# बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी

आतंकवाद की दुनिया में आजकल बंदूक से पहले विचारधारा पहुंचती है और इसका सबसे आसान निशाना बनते हैं कम उम्र के बच्चे और युवा । इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन नेटवर्क ने कट्टरपंथी संगठनों को युवाओं और बच्चों तक पहुंच बनाने का आसान तरीका उपलब्ध करवाया है। इसके जरिये आतंकी और कट्टरपंथी नेटवर्क कम उम्र के बच्चों और युवाओं तक पहुंच बना रहे हैं। ऐसे में बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है। यह नजर जासूसी के लिए नहीं, बल्कि उन्हें गलत दिशा में जाने से रोकने के लिए होनी चाहिए। आज का बच्चा इंटरनेट की ऐसी दुनिया में बड़ा हो रहा है, जहां दोस्ती, बातचीत, मनोरंजन और जानकारी के साथ-साथ गलत विचारधाराएं और संदिग्ध नेटवर्क भी मौजूद हैं। किसी अनजान व्यक्ति का संदेश, किसी ऑनलाइन ग्रुप का निमंत्रण या लगातार मिलने वाला भावनात्मक कंटेंट धीरे-धीरे बच्चे की सोच को प्रभावित कर सकता है। हाल के मामलों ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। बेंगलुरु में पश्चिम बंगाल के 23 वर्षीय युवक आसफुल मलिक की गिरफ्तारी से जुड़े आरोपों में संदिग्ध ऑनलाइन संपर्क और प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीटीपी से संबंधों की जांच सामने आई है। उसके अफगानिस्तान जाने की कथित योजना और भारत में हिंसक गतिविधियों के लिए उकसाए जाने की भी जांच हो रही है। यह मामला यह समझने के लिए काफी है कि कट्टरपंथीकरण को केवल बच्चों की समस्या मानना गलत होगा। किशोरों के साथ-साथ 20-25 वर्ष के युवा भी इसके निशाने पर हो सकते हैं। पाकिस्तान आधारित हैंडलरों द्वारा भारतीय युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए कथित तौर पर फंसाने की जांच भी इसी खतरे की दूसरी तस्वीर दिखाती । सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर, बेरोजगार या किसी तरह की परेशानी से जूझ रहे युवाओं को पहले पैसों और मदद का लालच दिया जाता है। 12 से 25 हजार रुपये जैसी रकम से शुरुआत कर छोटे काम करवाए जाते हैं। पहले फोटो और वीडियो, फिर किसी स्थान की रेकी और आगे चलकर हिंसक गतिविधियों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है। यानी किसी युवा को आतंकी नेटवर्क का हिस्सा बनाने की प्रक्रिया अचानक नहीं होती, बल्कि धीरे-धीरे उसके भरोसे और कमजोरियों का इस्तेमाल किया जाता है। यहीं परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। माता-पिता को बच्चे के मोबाइल की हर गतिविधि पर शक करने के बजाय उसके डिजिटल व्यवहार को समझना चाहिए। निगरानी का मतलब बच्चे की निजता खत्म करना नहीं है। घर में संवाद का ऐसा वातावरण जरूरी है, जहां बच्चा अपनी उलझन, गुस्सा, असहमति और ऑनलाइन अनुभव खुलकर बता सके। स्कूल और कॉलेजों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें डिजिटल साक्षरता, फर्जी जानकारी की पहचान, ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार और साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक करना होगा। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध ऑनलाइन नेटवर्क पर नजर रखनी होगी। किसी बच्चे के व्यवहार में बदलाव दिखे तो उसे अपराधी मानने के बजाय समझने और मदद करने की कोशिश हो। आज आतंक का खतरा केवल सड़क, सीमा या किसी संदिग्ध ठिकाने पर नहीं है। वह मोबाइल की स्क्रीन के दूसरी तरफ भी हो सकता है। इसलिए बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना अब विकल्प नहीं, समय की जरूरत है।

# राकेश राय पर रिश्वत के गंभीर आरोपों वाली शिकायत पर डेढ़ साल से फैसला नहीं..?

# राकेश राय पर कार्रवाई में इतनी मेहरबानी क्यों..?



राकेश राय



संभाग पोस्ट विगत कई अंकों में लगातार इस गंभीर मामले को प्रकाशित करता आ रहा है....



## अंतिम निराकरण में हो रही देरी के बीच अब EOW तक पहुंचा मामला!

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विभागीय स्तर पर अंतिम निराकरण में हो रही देरी के बीच मामला अब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ तक पहुंच गया है। ऐसे में जांच का दायरा केवल शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी के बयान तक सीमित रहने के बजाय भुगतान प्रक्रिया और संबंधित अधिकारियों की भूमिका और उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों तक पहुंचना जरूरी होगा। क्योंकि यदि शिकायत में लगाया गया आरोप झूठा है तो शिकायतकर्ता के आरोपों को साक्ष्यों के आधार पर खारिज किया जाना चाहिए। और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो केवल एक कर्मचारी पर कार्रवाई करके मामले को खत्म करने के बजाय पूरी जिम्मेदारी की श्रृंखला की जांच होनी चाहिए। क्योंकि डेढ़ साल से अधिक समय बाद भी अंतिम निर्णय का इंतजार इस पूरे मामले का सबसे बड़ा सवाल बन गया है। अब देखना यह है कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की जांच इस मामले में वास्तविक तथ्यों तक पहुंचती है या फिर यह मामला भी सरकारी फाइलों की लंबी कतार में दबकर रह जाता है।




# 'अपराध मुक्त इंदौर 2030' अभियान का शुभारंभ सफलतापूर्वक संपन्न






**इंदौर । नगर प्रतिनिधि**

संस्था न्यायाश्रय द्वारा सामाजिक एवं विधिक जागरूकता की दिशा में शुरू किए गए महत्वपूर्ण अभियान 'अपराध मुक्त इंदौर 2030' का शुभारंभ समारोह आज जिला कोर्ट ऑडिटोरियम, नई बिल्डिंग, इंदौर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर के सांसद श्री शंकर लालवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से इंदौर स्वच्छता में नंबर वन हुआ है उसी प्रकार अपराध मुक्त इंदौर अपने आप में देश के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री शंकर लालवानी, माननीय सांसद, इंदौर तथा विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता श्री मनीष यादव, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट संगठन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन संस्था न्यायाश्रय द्वारा किया गया, जिसके संयोजक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पंकज वाधवानी हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया तथा इस बात पर जोर दिया गया कि अपराध की रोकथाम केवल प्रशासन या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक की जागरूकता और सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। कानूनी जागरूकता, नागरिक सहभागिता, युवा जागरूकता, अपराध की रोकथाम तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से इंदौर को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया। डॉ. पंकज वाधवानी ने कहा कि 'अपराध मुक्त इंदौर 2030' किसी एक संस्था का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे शहर को जोड़ने का प्रयास है। इसका उद्देश्य नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए अपराध की रोकथाम में समाज की भूमिका को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यदि नागरिक, युवा, विधिक क्षेत्र, प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं मिलकर कार्य करें तो एक सुरक्षित और जागरूक इंदौर का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनीष यादव ने अतिथियों एवं नागरिकों ने 'अपराध मुक्त इंदौर 2030' के संकल्प को जन-अभियान बनाने तथा सुरक्षित, जागरूक एवं न्यायपूर्ण इंदौर के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। संस्था न्यायाश्रय ने अभियान से जुड़ने वाले सभी अतिथियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान आने वाले समय में इंदौर के विभिन्न क्षेत्रों में विधिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा।

कार्यालय पताः 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),
स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित । संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा

# इंदौर में नवाचार की गंगा बह रही है





• **इंदौर । विशेष प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इंदौर में नवाचार की गंगा बहती है। यह शहर स्वच्छता का भी सिरमौर है। इंदौर का कायाकल्प हो रहा है। शहर के पश्चिमी क्षेत्र में वर्षों पुरानी झुग्गी को हटाकर एक चौड़ी सड़क बनाई गई है। यह शहरवासियों की राह आसान करेगी। इस सड़क के बनने से रहवासी भी खुश हैं। इसके अलावा नगर निगम ने फायर ब्रिगेड की बाइक भी तैयार की है। इंदौर के प्राणी संग्रहालय में भी सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। वहां 14-डी थिएटर और भूलभुलैया मनोरंजन का नया केंद्र होंगे। इंदौर में 60 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का इंदौर से भी नाता रहा है। अटल जी ने 24 दलों के साथ तालमेल से सरकार चलाई। उनका किसी भी



दल से मनभेद नहीं रहा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन सिटी के जरिए दोनों शहरों का विकास होगा। प्रधानमंत्री ने नदी जोड़ो अभियान का सपना देखा था। कांग्रेस ने हमेशा इस काम में अड़ंगे लगाए। हमने नर्मदा को शिप्रा से जोड़ा। प्रदेश सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है। नर्मदा से कई नदियों को जोड़ा गया है। कांग्रेस कभी विकास के काम में मदद नहीं करती। कांग्रेस ने हमेशा बंटाढार किया है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर में अटल जी की प्रतिमा पहले लग जानी चाहिए थी। अब प्रतिमा शहर में नजर आएगी। चंदन नगर मार्ग का हल 15 दिन के भीतर निकाल लिया जाएगा। वहां भी चौड़ी सड़क बनेगी। विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि 14 करोड़ रुपये की लागत से अटल पथ बनाया गया है। इंदौर के पश्चिमी क्षेत्र में सिटी बसों का नेटवर्क भी बढ़ाया जाएगा। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि पश्चिम क्षेत्र में चंदन नगर सड़क की सौगात मिलेगी।

### खुली जीप में सवार हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री अटल पथ पर खुली जीप में लोगों का अभिवादन करते हुए चल रहे थे। कोई उन्हें फूलों के गुलदस्ते दे रहा था तो कोई फूलों की माला। जीप में उनके साथ भाजपा शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी और मेयर पुष्यमित्र भार्गव मौजूद थे। प्राणी संग्रहालय से जब मुख्यमंत्री अटल पथ जा रहे थे तो उन्होंने रास्ते में कांवड़ यात्रियों को जाते देखा। इसके बाद काफिला रुका और मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रियों से भी चर्चा की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सात वर्ष की उम्र में तीसरी बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले अनघ चित्तौड़ा का किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सात वर्ष की आयु में तीसरी बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले इंदौर के बाल प्रतिभावान अनघ चित्तौड़ा का स्वागत कर उनकी उपलब्धि की सराहना की। अनघ ने 10 मिनट 48 सेकंड में 50 मंत्र एवं श्लोक बोलकर यह रिकॉर्ड बनाया है, जिसे वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने प्रमाणित किया है। अनघ ने इससे पहले 3 वर्ष 11 माह की आयु में संख्याओं की तुलना और 4 वर्ष 9 दिन की आयु में 50 मसालों की पहचान कर दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए थे। अनघ होम स्कूलिंग हैं और उनकी उपलब्धियों के पीछे उनकी मां श्रद्धा चित्तौड़ा की साधना, अनुशासन एवं अथक मेहनत तथा पिता प्रणय चित्तौड़ा का निरंतर प्रोत्साहन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनघ को भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और श्रेष्ठ संस्कारों का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।






# झण्डा वन्दन कार्यक्रम पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ





**इंदौर। संभाग पोस्ट श्री देवांग कोष्टी समाज परदेशीपुरा इन्दौर व्दारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर समाज की धर्मशाला 1/2 परदेशीपुरा पर आयोजित झण्डा वन्दन, लड्डू वितरण व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओ के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे वरिष्ठ समाज सेवी श्री शांतिलाल जी हेड़वे ,वार्ड क्रमांक 23 के लोकप्रिय पार्षद महोदय श्रीमति विनिता मौर्य व श्री धर्मेन्द्र मौर्य व कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष श्री कल्याण देवांग ने की।**


आज समाज को संबोधित करते हुए अतिथिगणो ने कहा कि , आज समाजबंधुओ को अपनी जीवन शैली मे परिवार, समाज, व राष्ट्र के प्रति एकता ,अखंडता के साथ समर्पण सेवा भाव से जीवन यापन करने की अवश्यकता हे। तभी हमारा राष्ट्र का सही निमार्ण हो पायेगा। इस अवसर समाज के उध्यक्ष श्री मनोहर टेमरे,सचिव डां.सुरेश बुर्रा, मुकेश देवांग, आदि ने उपस्थित अतिथियो का स्वागत किय। सभी अतिथियो ने भारत माता का पुजन कर झण्डा वन्दन के साथ राष्ट्र गान किया व उपस्थित प्रतिभावान छात्र-छात्राओ को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया । इस अवसर पर समाज के नरेन्द्र भुरड व सम्मसत वरिष्ठ सदस्य गण व समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व अभार दिलीप वर्मा ने व्यक्त किया।


# संभाग पोस्ट सामाजिक दृढ़ता संकल्प अभियान

## अब आपकी आवाज होगी बुलंद लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के संग

आज के समाज में हम देख रहे हैं की शहरी परिवेश की बात करें या ग्रामीण परिवेश की आज के परिवेश में व्यक्ति अकेला पड़ता जा रहा है। आधुनिक तकनीकियों का इस्तेमाल करते-करते अपने आप को अकेला महसूस करता है , जब उसके ऊपर ऐसी कोई विपत्ति आती है की जब उसके परिवारजन या मित्र बंधु उसका साथ दे। तब वह पता है कि वह अकेला खड़ा है। यह आज के समाज का सत्य है। यह भारत के ७० प्रतिशत लोगों की सच्चाई है वह किसी भी प्रकार की समस्या में हो चाहे पारिवारिक या मानसिक, सामाजिक, प्रशासनिक या चिकित्सकीय हो ऐसी किसी भी समस्या में वह पाता है कि वह अकेला है। और यदि ऐसे मे किसी मोड़ पर कुछ व्यवधान उत्पन्न हो तब वह नीरस हो जाता है, और किसी न किसी प्रकार की गलती कर बैठता है । समाज की ऐसी सबसे बड़ी समस्या को लेकर हमने सामाजिक दृढ़ता संकल्प का अभियान चलाया है जिसके तहत हम उन सभी ऐसे लोगों के साथ खड़े हुए हैं जो हमसे जुड़ेंगे तथा वे लोग जो हमसे किसी न किसी प्रकार से जुड़े हुए हैं , हमारा प्रयास यह होगा कि ऐसी किसी भी समस्या में हम उनके साथ खड़े हो जिस जगह पर वह सही है और उन्हें व्यवधान,समस्या का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में संभाग पोस्ट परिवार उनके साथ खड़ा है।

- समाज में एक कहावत प्रचलित है सत्य परेशान हो सकता है। पराजित नहीं हो सकता,
- ईश्वर की इसी प्रेरणा को हमारे मीडिया चैनल हमारे अखबार ने आत्मसात किया है और हम उन सभी समाज जनों के साथ खड़े हैं जिनके साथ सत्य है।
- ईश्वर सत्य का साथ देने वाले उनके अनुयायियों की सहायता करने स्वयं नहीं आते किंतु किसी न किसी माध्यम से सत्य का साथ दे रहे व्यक्ति की सहायता जरूर करते हैं।
- हम अपने आप को धन्य समझते हैं कि हमने यह मुहिम चलाई है जिसके तहत यदि आपके साथ सत्य है तो हम आपके साथ सदा खड़े हुए हैं
- हमारे चैनल और हमारे अखबार से जुड़े हुए सभी सदस्य गण जिनकी किसी भी प्रकार की परेशानी अब उनकी नहीं वह हमारी है।
- जब समाज दृढ़ होगा, सत्य की विजय होगी जब एकता और समान व्यवहार और ज्ञान होगा तब हमारा समाज एक नए भारत का दृढ़ निश्चय भारत का निर्माण कर पाएगा
- यदि आपका काम, स्वयं आप और आपका विचार, सत्य के साथ है तो वह आपका नहीं अपितु वह हमारा विचार होगा , क्योंकि आप भारत के चौथे स्तंभ मीडिया के साथ है
- अब आम आदमी की आवाज आम आदमी की नहीं अपितु उसके साथ हमारी भी आवाज होगी इसलिए आपसे निवेदन है कि हमारे साथ शीघ्र से शीघ्र जुड़े और अपनी आवाज को एक नया आयाम दें और अपने समाज को अपने परिवार को और अपने देश को सशक्त बनाएं
- हमारे साथ जुड़ने के लिए आपको कोई नया प्रयास नहीं करना केवल सामाजिक दृढ़ता संकल्प संभाग पोस्ट अभियान का एक फॉर्म भरना है



## विचार न कीजिए तुरंत संपर्क करें: 9755648321

**क्योंकि दृढ़ होगा समाज तो सशक्त होगा भारत और खुशहाल होगा हमारा परिवार**

सत्यम,शिवम्,सुंदरम। सत्यमेव जयते

भारत माता की जय वंदे मातरम

# चार चरणों में 5 घंटे चला रुद्राभिषेक








## 200 से अधिक अनुयायियों ने रोपे पौधे

### नर्मदा तट श्री शालिवाहन शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कसरावद । संभाग पोस्ट**

कसरावद। नावड़ाटौड़ी स्थित नर्मदा तट के ऐतिहासिक एवं अति प्राचीन श्री शालिवाहन शिव मंदिर में रविवार को श्रावण मास के अवसर पर संत सियाराम सेवा समिति की अगुआई में रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन किया गया। सुबह 7 बजे शुरू हुआ धार्मिक अनुष्ठान चार चरणों में करीब पांच घंटे तक चला। ओंकारेश्वर से आए विद्वान पंडितों के सान्निध्य में भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद नर्मदा मैया को चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। धार्मिक आयोजन के साथ समिति ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। 200 से अधिक अनुयायियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास पौधारोपण किया। बरगद, नीम और पीपल की त्रिवेणी के साथ कदंब के पौधे रोपे गए। अनुयायियों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

### 2017 से हर सावन में जारी है परंपरा

समिति प्रमुख योगेंद्र सोनी ने बताया कि परम पूज्य संत श्री सियाराम के सान्निध्य में वर्ष 2017 से हर सावन में रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन की परंपरा जारी है। बाबा के ब्रह्मलीन होने के बाद भी अनुयायी इस आध्यात्मिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। आयोजन में बाबा की पादुका पूजन, रुद्राभिषेक एवं नर्मदा मैया को चुनरी अर्पण किया गया। पंडित गोपाल पुरे एवं पंडित संजय शर्मा के सान्निध्य में हुए अनुष्ठान में सेवकराम बिरला, हेमंत चौधरी, दिनेश बिरला, पवन कर्मा, राहुल सोनी, अभिषेक राठौड़, देवेंद्र बिरला, अनुज सातले, कुलदीप सोलंकी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### कोटेश्वर से शुरू हुई परंपरा कई नर्मदा तीर्थों तक पहुंची

समिति के मुरलीमनोहर भमोरिया ने बताया कि वर्ष 2017 में कोटेश्वर बड़वाह से शुरू हुई यह धार्मिक परंपरा वर्ष 2025 में महेश्वर के काशीविश्वनाथ महादेव मंदिर तक पहुंची। अलग-अलग वर्षों में निसरपुर, भरूच, विमलेश्वर, धरमपुरी, नेमावर, बरमान घाट और च्यवन ऋषि आश्रम सहित विभिन्न नर्मदा तीर्थों पर धार्मिक अनुष्ठान किए गए।



### करीब 2 हजार वर्ष पुराने मंदिर की मान्यता

नावड़ाटौड़ी का श्री शालिवाहन शिव मंदिर नर्मदा तट पर स्थित है। स्थानीय मान्यता के अनुसार मंदिर का निर्माण करीब 2 हजार वर्ष पहले मध्य भारत के राजा शालिवाहन ने कराया था। मंदिर का संबंध शालिवाहन शक संवत से भी जोड़ा जाता है। श्रावण मास में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचते हैं।






संभाग पोस्ट



# सीएम मोहन यादव का बाहुबली वाला अंदाज!

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रविवार (16 अगस्त) को अलग ही अंदाज देखने को मिला. वे इंदौर के अटल पथ पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए. यहां उनका बाहुबली वाला अवतार देखने को मिला. सीएम ने कंधे पर शिवलिंग को उठाया. इसकी चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है. लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं. दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के अटल पथ पर आयोजित कार्यक्रम में 60 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया. इस दौरान सीएम का बुके, फूल-माला से स्वागत किया गया. कमल की माला के बाद रूद्राक्ष से बनी माला पहनायी गई. इसके बाद मुख्यमंत्री को सम्मान के तौर पर शिवलिंग दिया गया. उन्होंने इसे स्वीकार किया और कंधे पर उठा लिया. बाहुबली फिल्म में जिस तरह एक्टर प्रभास कंधे पर शिवलिंग उठाकर चलते हैं. उसी तरह सीएम का 'बाहुबली' वाला अंदाज दिखाई दिया. अब उनका ये अदांज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. चर्चा के साथ-साथ सीएम के इस रूप की लोग तारीफ कर रहे हैं.

# इंदौर में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस
## मंत्री सिलावट ने ली परेड की सलामी





**इंदौर । नगर प्रतिनिधि**

इंदौर में स्वतंत्रता दिवस शनिवार को देशभक्ति के जज्बे, जोश और जुनून के साथ उत्सवी माहौल में मनाया गया। शहर में आजादी के जश्न का उत्साह दिखाई दिया। इंदौर के महेश गार्ड लाइन स्थित सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में राष्ट्रीय धुन और राष्ट्रभक्ति के गीतों के बीच जवानों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय महापर्व पर जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में इस बार मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन मंत्री सिलावट ने नहीं किया,बल्कि उनके संदेश का प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर किया गया। मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री सिलावट ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में सशस्त्र बलों ने स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारों के बीच हर्ष फायर भी हुए। स्कूली बच्चों ने खुले आकाश में रंगीन गुब्बारे छोड़े। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के बीस से ज्यादा दलों ने परेड में हिस्सा लिया। इनमें प्रमुख रूप से सीमा सुरक्षा बल, आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी, 15वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, जिला पुलिस बल , होमगार्ड, यातायात पुलिस, एनसीसी, एनसीसी एयर विंग, स्काउट, गाईड, रेडक्रॉस, आरआई ग्रुप, शौर्या दल शामिल रहे। परेड का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त यश बिजोरिया ने किया। समारोह में प्रथम वाहिनी और बीएसएफ का बैंड भी आकर्षण का केन्द्र रहा। समारोह में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का सुमधुर गायन भी हुआ। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।परेड में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दलों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में जिले में वर्षभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

चेतन टेलर्स
(सूट स्पेशलिस्ट)
सुनिल खटके
मो. 9893118079
30/1.परदेशीपुरा, शिवधाम के सामने, इंदौर

डॉ. हिमांशु केलकर
एम.डी., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
मो. 9202238451
क्लिनिकः 20 जी/एच., गीतांजलि अपार्टमेन्ट, मार्केट रोड, विजय नगर
स्कीम नं. 54, इंदौर (म.प्र.) Email : himanshukelkar@rediffmail.com
समय : प्रातः 10.30 से 1.30 बजे, सायं 5.30 से 8.30 बजे तक
निवास : 7-बी, शालीमार टाउनशिप, ए.बी. रोड, इंदौर

श्री रवि इत्र सुगन्ध भण्डार
गुलाब, मोगरा, चन्दन, परफ्यूम इत्यादि के थोक एवं खेरची विक्रेता
प्रोपायटर : रवि सुगन्धी
मो. 9452665448
पताः हीरानगर, मेनरोड, सुखलिया, मिलन गार्डन के पास, इन्दौर

AFSL SERVICES INDIA LLP
Registered Under Ministry of Corporate Affairs & MSME, Govt of India
An ISO 9001: 2015 Certified Forensic Science Laboratory, LLPIN: ACN-6724
FORENSIC SCIENCE SERVICES
Scientific Assistance Towards Justice
- Crime Scene Investigation
- Handwriting, Signature & Documents Examination
- Fingerprint Examination
- Audio & Video Examination
- Voice Examination
- Computer/Cyber Crime Investigation
- Fire & Arson Investigation
- Insurance Fraud Investigation
- 65B IEA Certificate [63(4)(c) BSA]
- Cross Examination of forensic experts and reports
- Forensic Training & Internship
- Medicolegal Consultancy
- Photography Examination
- Forensic Consultancy.
www.appliedforensicresearchsciences.in

संदीप पवार
Mob :-98260-68380
KP
॥ श्री गणेशाय नमः॥
न्यू नर्मदा ट्रेडर्स
सीमेन्ट
बालू रेती
काली रेती, गिट्टी
ईंट एवं बिल्डिंग मटेरियल के विक्रेता
4, मंगलनगर, आई.टी.आई. रोड,
बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, पेट्रोल पम्प
के पहले, इन्दौर (म.प्र.)

रामसेवक दुबे
9406621084
पूजा बुक्स एण्ड स्टेशनर्स
CBCE स्कूल बुक्स
चिल्ड्रन बुक्स
ऑफिस स्टेशनरी
कम्प्यूटर स्टेशनरी
स्कूल स्टेशनरी एवं
गिफ्ट आयटम
6/3, सुंदर अपार्टमेन्ट, क्लर्क कालोनी चौराहा, श्री सत्य सांई बाल
विनय मंदिर के सामने, इन्दौर मो

राहुल जनरल स्टोर्स
शॉप नं. 3 मालवा मिल चौराहा, इंदौर
मो. 9977732802

# एमपी का दबदबा: टीम नितिन में 'नवीन' चेहरों के साथ अनुभव को मिला अवसर, सामाजिक समीकरण भी साधे

■ **नई दिल्ली । संभाग पोस्ट**

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी नई राष्ट्रीय टीम बना ली है। इसमें मध्य प्रदेश के छह नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर उन्होंने कई राजनीतिक और सामाजिक संदेश देने की कोशिश की है। नई टीम में नए और अनुभवी नेताओं का संतुलन दिखाई देता है। टीम नवीन की खास बात यह है कि प्रदेश के पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य और बंशीलाल गुर्जर को छोड़कर बाकी सभी नेताओं को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। इसे पार्टी की नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने की रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। भाजपा ने इस बार क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन पर भी विशेष ध्यान दिया है। नई टीम में मालवा-निमाड़ से तीन, ग्वालियर-चंबल से दो, भोपाल संभाग से एक और बुंदेलखंड से एक नेता को शामिल किया गया है। वहीं, सामाजिक प्रतिनिधित्व के लिहाज से दो ओबीसी, एक दलित, एक ब्राह्मण, एक आदिवासी, एक राजपूत और एक वैश्य समाज के नेता को जिम्मेदारी देकर पार्टी ने अपने व्यापक सामाजिक आधार को मजबूत करने का प्रयास किया है। भाजपा ने सौदान सिंह को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बनाया है। वह पहले भी भाजपा के अहम पदों पर रह चुके हैं। अभी उनका कार्यक्षेत्र चढ़ीगढ़ का है। सौदान सिंह विदिशा के रहने वाले हैं। इसके अलावा राज्यसभा सांसद तरुण चुघ को राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी बनाया गया है।

### वीडी शर्मा सभी प्रकोष्ठों के संकुल संयोजक

पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा को सभी प्रकोष्ठों के संकुल संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। लंबे समय तक प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का काम किया। उनके नेतृत्व में भाजपा ने नगरीय निकाय, पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात के बाद उनकी भूमिका को लेकर राजनीतिक चर्चाएं भी तेज हो गई थीं।

### लाल सिंह आर्य को फिर मिला मौका

भिंड के वरिष्ठ नेता लाल सिंह आर्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वे पहले भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का हिस्सा रह चुके हैं। मध्य प्रदेश ऐसे नेता हैं, जिन्हें दोबारा राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। दलित समाज में उनकी मजबूत पकड़ और लंबे राजनीतिक अनुभव को देखते हुए पार्टी ने उन पर फिर भरोसा जताया है।




### मालवा-निमाड़ से सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व

भाजपा ने मालवा-निमाड़ क्षेत्र को सबसे अधिक प्रतिनिधित्व दिया है। राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार को राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया है। महिला नेता होने के साथ ही वे ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं। पार्टी पिछले कुछ वर्षों से उन्हें लगातार आगे बढ़ा रही है। खरगोन से सांसद गजेंद्र पटेल को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। आदिवासी वर्ग से आने वाले पटेल को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी देकर भाजपा ने आदिवासी राजनीति को स्पष्ट संदेश दिया है।

### गुर्जर किसान मोर्चा के अध्यक्ष

वहीं, राज्यसभा सांसद और मंदसौर के बंशीलाल गुर्जर को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। वे पहले भी संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। किसान राजनीति और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी है।

### आशीष अग्रवाल को मीडिया की जिम्मेदारी

ग्वालियर से आने वाले आशीष अग्रवाल को राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक बनाया गया है। वे वर्तमान में प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी हैं और लंबे समय से संगठन और मीडिया प्रबंधन से जुड़े हुए हैं। उनकी नियुक्ति को पार्टी की मीडिया रणनीति को मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### भविष्य की राजनीति के संकेत

वरिष्ठ पत्रकार दिनेश गुप्ता का कहना है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राज्यों का प्रतिनिधित्व हमेशा महत्वपूर्ण माना जाता है। पार्टी मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान दे रही है। गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने अनुभव के साथ नए चेहरों को मौका दिया है। यही नेता मध्य प्रदेश की राजनीति में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

## सीएम ने किए कई बड़े एलान

## हर साल एक लाख युवाओं को रोजगार सभी जिलों में बनेंगे MSME पार्क

• **भोपाल । विशेष प्रतिनिधि**

**80वें स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को पूरा मध्यप्रदेश देशभक्ति के रंग में रंग गया। चारों ओर तिरंगा लहराया और देशभक्ति गीतों ने युवाओं को उत्साह से भर दिया। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण से पहले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन हुआ और ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान जन-गण-मन की धुन बजाई गई। उसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली।**



परेड में सशस्त्र दलों ने हर्ष फायर किया और पुलिस बैंड ने देश भक्ति गीतों की धुनों से वातावरण में राष्ट्र प्रेम और समर्पण के भाव का संचार किया। परेड में पुलिस बैंड सहित कुल 22 टुकड़ियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री यादव ने प्रदेश के नाम अपने संदेश में समान नागरिक संहिता, किसान, खेत, निवेश, शिक्षा, युवा, वन, धर्म-संस्कृति सहित हर क्षेत्र का जिक्र किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए युवाओं, किसानों, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और रोजगार को लेकर कई बड़ी घोषणाएं कीं।

### हर साल एक लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 85 हजार से अधिक युवाओं की शासकीय सेवा में नियुक्ति की है। आने वाले समय में हर वर्ष एक लाख से अधिक युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। अगले एक वर्ष में एक लाख से अधिक युवाओं को आईटीआई में प्रवेश दिलाने और हर साल 10 हजार युवाओं को ग्लोबल स्किल पार्क में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में अलग से प्लेसमेंट सेल बनाया जाएगा, जो उद्योगों और युवाओं के बीच समन्वय का काम करेगा।

### 2027 को बनाया जाएगा 'युवा वर्ष'

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2025 को निवेश और रोजगार वर्ष तथा 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने के बाद अब वर्ष 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के समग्र विकास के लिए शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, रोजगार, स्टार्टअप, खेल और नेतृत्व क्षमता जैसे सात प्रमुख क्षेत्रों पर काम किया जाएगा।
















जिनके अमर बलिदान से मिली स्वतंत्रता
उन वीरों को शत-शत नमन
नया मध्यप्रदेश
समानता का विश्वास, समावेशी विकास
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
प्रदेशवासियों को
80वें स्वाधीनता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
स्वतंत्रता हमें केवल अधिकार नहीं देती, बल्कि यह कर्तव्य का स्मरण भी कराती है। आइए, हम सब मिलकर प्रदेश के समग्र विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लें।
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
मुख्यमंत्री का संदेश सुनने के लिए यहाँ स्कैन करें
जुड़ें नए मध्यप्रदेश से
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D 18014/26